


श्री नरेन्द्र मोदी

माननीय प्रधानमंत्री



# नई रेल

# नया छत्तीसगढ़

## 2014 से प्रगति पथ की नई यात्रा

## जांजगीर संसदीय क्षेत्र





भारतीय रेल • INDIAN RAILWAYS





# प्रस्तावना




**श्री सुनील सिंह सोइन**
महाप्रबंधक
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

भारतीय रेलवे हमारे राष्ट्र की जीवन रेखा है। इसने देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में सदैव से उत्प्रेरक का काम किया है। समान रूप से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपनी स्थापना के बाद से ही छत्तीसगढ़ राज्य की सामाजिक–आर्थिक प्रगति में सहयोगी की भूमिका निभाती रही है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की स्थापना 1 अप्रैल, 2003 को हुई थी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का 46% रेल नेटवर्क छत्तीसगढ़ में अवस्थित है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के साथ–साथ पूर्व तट रेलवे भी छत्तीसगढ़ को सेवाएं प्रदान करती है। माल ढुलाई में अग्रणी ज़ोन होने के कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास को निरंतर गति प्रदान करती रही है। खनिज संपन्न राज्य होने के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ में रेलवे नेटवर्क के विस्तार की अत्याधिक आवश्यकता है। इस आवश्यकता को पूर्ण करने के लिए रेलवे एवं छत्तीसगढ़ सरकार आपसी सहयोग के साथ काम कर रहे है। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार एवं रेलवे द्वारा संयुक्त रूप से कई परियोजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ में, विगत 4 वर्षों में रेल परियोजनाओं से संबंधित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। एक तरफ रेलवे कनेक्टिविटी का विस्तार लौह संपन्न परंतु दुर्गम रावघाट तक किया जा रहा है तो दूसरी ओर दो महत्वपूर्ण कारीडोर के द्वारा पूर्व मध्य छत्तीसगढ़ के कोयला संपन्न मांड क्षेत्र तक रेल परिवहन सुविधा पहुंचाई जा रही है। इसके अतिरिक्त दो नई लाइनों, खरसिया–बलौदाबाजार–नया रायपुर–दुर्ग तथा कटघोरा–कवर्धा–डोंगरगढ़ के लिए सैद्धांतिक सहमति रेलवे बोर्ड द्वारा प्रदान कर दी गई है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के पश्चात, छत्तीसगढ़ के दूरस्थ क्षेत्रों तक रेलवे नेटवर्क का विस्तार होगा तथा राज्य के अनेक अनछुए क्षेत्रों में विकास के नवीन द्वार खुलेंगे। इस ब्रोशर का लक्ष्य छत्तीसगढ़ राज्य के जांजगीर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हालिया, अतीत एवं वर्तमान की परियोजनाओं एवं कुछ महत्वपूर्ण गतिविधियों को सूचीबद्ध करना है।

हमारे कर्मचारियों के अथक प्रयास एवं यात्रियों के सहयोग के कारण क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा कराये गये थर्ड पार्टी आडिट के आधार पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को स्वच्छतम ज़ोन घोषित किया गया है। हम सभी छत्तीसगढ़ में रेलवे के और अधिक विकास के लिये कृत संकल्प है।



# जांजगीर संसदीय क्षेत्र

**क. विधान सभा क्षेत्रः**

अकलतरा, जांजगीर–चांपा, सक्ती, चन्द्रपुर, जैजैपुर, पामगढ़, बिलाईगढ़, कसडोल।

**ख. पिछले 4 वर्षों में पूरे किये गए कार्यः**

**ख1. आधारभूत संरचना के विकास कार्य**

- ₹ 140 करोड़ की लागत से चांपा–झारसुगुडा तीसरी लाइन परियोजना के अंतर्गत सारागांव एवं झाराडीह स्टेशनों के मध्य तीसरी लाइन को शुरू किया गया है।
- ₹ 10 करोड़ की लागत से अकलतरा स्टेशन के लेवल क्रासिंग नंबर 355 पर रोड ओवरब्रिज।
- ₹ 10 करोड़ की लागत से जांजगीर–नैला–अकलतरा के मध्य लेवल क्रासिंग नंबर 346, बाराद्वार–चांपा के मध्य लेवल क्रासिंग नंबर 332 एवं चांपा–जांजगीर–नैला के मध्य लेवल क्रासिंग नंबर 339 व 340 पर रोड अंडरब्रिज।

**ख2. यात्री सुविधाएं**

- ₹ 5 करोड़ की लागत से अकलतरा स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज उपलब्ध कराया गया हैं।
- ₹ 63 लाख की लागत से अकलतरा स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 1 एवं 2 की उंचाई में वृद्धि।
- ₹ 35 लाख की लागत से अकलतरा स्टेशन के विपरीत दिशा में नए बुकिंग कार्यालय का प्रावधान।
- जांजगीर–नैला, सक्ती, अकलतरा, बाराद्वार एवं चांपा स्टेशनों पर दिव्यांग फ्रेंडली टायलेट की सुविधा।
- ₹ 24 लाख की लागत से सक्ती एवं बाराद्वार स्टेशनों पर नया बुकिंग आफिस।
- अकलतरा स्टेशन पर दिव्यांगो की सुविधा के लिए साइनेज।
- चांपा स्टेशन पर कॉइन आपरेटेड टिकट वेंडिंग मशीन एवं आटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन की सुविधा।
- अकलतरा एवं जांजगीर–नैला स्टेशनों पर नया वेटिंग हाल।
- ₹ 3 लाख की लागत से अकलतरा, सक्ती एवं जांजगीर–नैला स्टेशनों पर प्यूरीफायर के साथ वाटर कूलर का प्रावधान।
- ₹ 13 लाख की लागत से चांपा, सक्ती एवं जांजगीर–नैला स्टेशनों के पार्किंग स्टैंड में सुधार (सरफेसिंग, फेंसिंग, प्रकाश और शेड)।
- बाराद्वार स्टेशन में ट्रेन एट ए ग्लांस डिस्प्ले बोर्ड।
- बालपुर एवं कोथारी रोड स्टेशनों पर लाईट वेट प्लेटफार्म शेल्टर (कुल लागत ₹ 12 लाख)।

**ग. अन्य कार्यः**

- कोतमीसुनार एवं कापन स्टेशनों पर 68745/68746 मेमू लोकल का ठहराव।
- चांपा स्टेशन पर 08061/08062 हबीबगंज–पुरी–हबीबगंज स्पेशल ट्रेन का ठहराव।
- चांपा स्टेशन पर 02191/02192 जबलपुर–सांत्रागाछी–जबलपुर स्पेशल ट्रेन का ठहराव।

**घ. कार्य प्रगति परः**

- ₹ 1,213 करोड़ की अनुमानित लागत से चांपा–झारसुगुडा, तीसरी लाइन (151 कि.मी.) का कार्य प्रगति पर है।
- ₹ 1,974 करोड़ की अनुमानित लागत से झारसुगुडा–बिलासपुर, चौथी लाइन (206 कि.मी.) का कार्य प्रगति पर है।
- ₹ 98 लाख की लागत से चांपा स्टेशन पर मौजूदा फुट ओवरब्रिज में सुधार।
- ₹ 30 लाख की लागत से नैला एवं अकलतरा स्टेशनों पर प्लेटफार्म का विस्तार।
- चांपा स्टेशन पर 50 इंच डिस्प्ले के साथ करेंट बुकिंग स्टेटस सिस्टम।
- अकलतरा स्टेशन में ट्रेन एट ए ग्लांस डिस्प्ले बोर्ड का प्रावधान।

# कुछ महत्वपूर्ण फोटोग्राफ



माननीय सांसद एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा सक्ती स्टेशन में विस्तारित फुट ओवरब्रिज का उद्घाटन



नैला रेलवे स्टेशन




यात्री आरक्षण कार्यालय, नैला




यात्री आरक्षण कार्यालय, सक्ती



अकलतरा स्टेशन में फुट ओवरब्रिज उपलब्ध कराया गया है



अकलतरा स्टेशन के प्लेटफार्म की उंचाई में वृद्धि